**ग्रामीणों ने भूसे के नीचे 21 नग सागौन के लट्ठे पकड़कर वन विभाग को सौंपे, रेंजर की कार्यप्रणाली सवालों में**

## देलाखारी रेंज की बम्हनी सर्किल के जंगल में नरसिंहपुर के तस्कर कर रहे थे सागौन की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

**हर्रई में सागौन के बाद अब तामिया में अवैध सागौन पकड़ में आया है। यह तो वह सागौन है जो पकड़ा गया परंतु निरंतर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले तस्करों पर सख्त कार्रवाई की जवाबदारी वफादारी से नहीं निभाने वाले वनविभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई कब तक नहीं होगी, कब तक यह जंगल तस्करों के हाथ कटते रहेंगे। यह सवाल ही वनविभाग के पूरे प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह है। शासकीय सेवाओं के बदले में लाखों की सैलरी लेने वाले अफसरों को अपनी लचर कार्यप्रणाली पर ध्यान तो देना ही होगा, नहीं तो न पर्यावरण बचेगा और न हम।**



तामिया उपवन मंडल की रेंज झिरपा के अंतर्गत आने वाली बीटे जो नरसिंहपुर एवं नर्मदा पुरम जिले की सीमा से लगी हुई है। जिनमे चावलपानी, हरकपुरा बोदल कछार से लगे जंगलों की वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध उत्खनन नरसिंहपुर नर्मदा पुरम जिले के तस्कर कर रहे हैं, साथ ही सागौन की तस्करी लगातार भी करते चले आ रहे है। इन तस्करों को झिरपा वन अमले का पूरा संरक्षण मिला हुआ है। इसी वजह से बेशकीमती सागौन की अवैध कटाई एवं रेत की चोरी होती चली आ रही है।

बीती रात देलाखारी रेंज की बम्हनी सर्कल के चार गाव से भारी तादाद में भूसे के नीचे सागौन ले जाते नरसिंहपुर जिले के ट्रेक्टर को पकड़ा गया जिसमें लाखों रुपए का सागौन भूसे के नीचे भरी थी सूचना पर ग्रामीणों ने पकड़ा तो ट्रैक्टर चालक ने ट्राली छोड़कर भागने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने उसे पड़कर ट्रैक्टर सहित रोके रखा और वन विभाग को सूचना दी, तब वन विभाग का मैदानी अमला उदासीन रवैया से ट्रैक्टर पकडने पहुंचा क्योंकि ट्रैक्टर पकड़े जाने से चोरी सिद्ध होती है, लेकिन नाकेदार डिप्टी रेजर की मंशा थी कि वह झिरपा रेंज में चला जाए जिससे हम अवैध कटाई से बच सके, पर जब मामला ग्रामीण की नाराजगी तक पहुंचा तो वन अमले ने कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों के प्रयास से यह कार्रवाई सामने आई है। इस अवैध कटाई के पीछे लोगों का यह भी तर्क है कि देलाखारी रेंज में वर्तमान रेंजर का तबादला हो चुका है और इसका अतिरिक्त प्रभार झिरपा रेंजर को मिला है। चर्चा यह भी हो रही है कि झिरपा रेंजर के चलते ही नरसिंहपुर जिले के सागवान तस्कर इस रेंज में तस्करी करने आये।

बीती रात ग्रामीण द्वारा सागौन ले जाते ट्रैक्टर पकड़ा गया अब सवाल यह उठता है कि इतनी भारी तादाद में सागौन के पेड़ काटे जाना उनको ट्रैक्टर के अंदर लाने के साइज पर उनके टुकड़े करना यह सारा काम एक दिन में नहीं होता है। इसमें वन विभाग का मैदानी अमला जो मुख्यालय पर तो निवास नहीं करता है, लेकिन संरक्षण देता है। इसी संरक्षण से लाखों रुपए का सागौन कट गया आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है वहीं झिरपा रेंजर से उनके मोबाइल 8386 062 916 पर बार-बार संपर्क करने का प्रयास किया गया। उन्होंने मोबाइल नहीं उठाया जिससे उनका पक्ष नहीं मिल पाया, लेकिन उनकी कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान जरूर खड़े हो गये हैं कि इतना बड़ा सागौन का जखीरा पकड़ने के बाद भी वह कार्रवाई करने के तक नहीं पहुंचे। इस तरह बीती रात ग्रामीणों को सहयोग से सागौन ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी अब विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि इतनी भारी तादाद में सागौन कटने की जिम्मेदारी किस पर तय की जाए और बरसों से जमे जो छिंदवाड़ा से आने जाने वाले नाकेदार का शीघ्र यदि तबादला नहीं किया गया तो इस क्षेत्र में सागौन की कटाई इसी स्तर से होती रहेगी। प्रभारी रेंजर की कार्य प्रणाली पर भी पकड़े गए सागौन के जखीरा से सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं कि उनके प्रभार लेते ही इतना बड़ी मात्रा में सागौन का काटा जाना इस रेंज और जंगल के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है।

शीघ्र इनसे इस रेंज का अतिरिक्त प्रभार वापस लिया जाए क्योंकि नरसिंहपुर जिले का ट्रैक्टर देलाखारी रेंज में पकड़ा जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

### निगम के संपति कर संग्रहण काउंटर हुए प्रारंभ

**छिंदवाड़ा।** पिछले वित्तीय वर्ष के समाप्ति के बाद नगर निगम का ई नगर पालिका पोर्टल अपडेशन होने तक बंद किया गया था। अब नवीन कर निर्धारण की दरों एवं उपभोक्ता प्रभार शुल्क के पोर्टल पर अपडेट होने के उपरांत करदाता नगर निगम के मुख्यालय, कुकड़ा जगत जोन, जगन्नाथ जोन, चंदनगांव जोन एवं लोनिया करबल जोन कार्यालय में अपने संपत्ति कर एवं जल उपभोक्ता प्रभार की राशि जमा कर सकते है। इसके साथ ही ई नगर पालिका एप्लिकेशन के माध्यम से घर बैठे भी करो की राशि जमा की सकती है। वर्तमान में नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा संपत्ति कर भुगतान में संपत्ति कर मद की राशि पर 6.25% की छूट करदाताओं को दी जा रही है जिसका लाभ भी करदाता उठा सकते हैं।

### अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय छिन्दवाड़ा, प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा एवं प्रबंधक म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन छिंदवाड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा आई.टी.आई. कैंपस के अंदर खजरी चौराहा में 24 अप्रैल गुरूवार को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक होगा।

**बुधवार की तड़के हुए हादसा**

## मोबाईल चलाते पातालकोट एक्सप्रेस से गिरा युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



बुधवार तड़के मोबाइल चलाते हुए पातालकोट एक्सप्रेस से एक युवक के गिरने से मौत हो गई । सूचना मिलने पर परासिया सिविल , रेलवे और देहात थाने की पुलिस मौके पर पहुंची । घटना गायगोहान क्षेत्र की है । परासिया रेलवे पुलिस घटना की जांच कर रही है ।

मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली से सिवनी पातालकोट एक्सप्रेस में भोपाल स्टेशन से 28 वर्षीय दिपांशु पराड़कर पिता देशराज निवासी गोरखपुर तुर्की खापा मोहखेड़ (छिंदवाड़ा) और मोहित बमोरे पिता तुरकीराम निवासी राजमा , उभेगांव (छिंदवाड़ा) अपने गंतव्य छिंदवाड़ा के लिए रवाना हुए । जब ट्रेन छिंदवाड़ा के करीब गायगोहान के समीप पहुंची , तब दिपांशु अचानक ट्रेन से गिर गया ।

उसके बाद उसी बोगी में मौजूद मोहित ने चिल्लाया ताकि अन्य पैसेंजर मदद के लिए आए , पर कोई नहीं आया तो उसने चैन पुलिंग की तो ट्रेन रूकी और वह ट्रेन से उतरा और दिपांशु की तलाश की तो पाया , कि दिपांशु जख्मी हालत में थोड़ी दूर पड़ा हुआ है , तब मोहित ने पैसेंजर सहायता के लिए उपलब्ध नंबर 193 पर शिकायत की , कि उसके साथ ट्रेन में आर्थिक धोखा किया गया है । इस दौरान ट्रेन में मौजूद पुलिस चैन पुलिंग करने वाले का पता लगाते हुए मौके पर पहुंची । दिपांशु को मृत अवस्था में देख उच्चाधिकारियों को सूचना दी । जिसके बाद परासिया पुलिस , देहात थाना पुलिस और रेलवे पुलिस निरीक्षक श्री तिवारी अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे । मर्ग कायम किया गया और चश्मदीद मोहित से पूछताछ की । मोहित के द्वारा 193 पर की गई शिकायत की पुष्टि भी की गई । मोहित ने बताया , कि दिपांशु के गिरने के बाद उसने अन्य पैसेनजरों को आवाज दी । कोई नहीं उठा तो उसने चैन खींचा । 193 में आर्थिक धोखाधड़ी की शिकायत उसने सिर्फ इसलिए की , ताकि रेलवे पुलिस शीघ्रता से मदद को पहुंचे । उसने पुलिस को यह भी बताया , कि मृतक ट्रेन के दरवाजे पर बैठकर मोबाइल चला रहा था ।

## दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बुधवार की शाम 5 बजे लगभग कोतवाली पुलिस को सुचना मिली की कुलबहेरा नदी के घोगरा घाट मे नहाने गए तीन नाबालिक लड़को मे से एक लड़का फैज खान पिता अनीश खान निवासी दीवाचिपुरा का नहाते नहाते पानी मे डूब गया है बाहर नहीं आया है।

तत्काल कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोहलानी के द्वारा थाना स्टॉफ को लेकर पहुचे जहा police कण्ट्रोल रूम के माध्यम से SDRF की टीम को सूचित किया गया SDRF की टीम मोके पर पहुंची जहा कोतवाली थाना से si नारायण बघेल, asi ब्रिजेश रघुवंशी, कांस्टेबल निक्की विश्वकर्मा, कांस्टेबल विकास बैस एवं sdrf की टीम के द्वारा नदी मे



अंदर जाकर सव को नदी के पानी से बाहर निकाला है। मृतक फैज पिता अनीस खान उम्र 16 साल निवासी दीवाचिपुरा के साथ दो अन्य लड़के नुमान पिता इरफ़ान मलक उम्र 15 साल निवासी बैल बाजार एवं अरहान पिता नवसाद खान निवासी 12 साल निवासी दिवंचिपूरा जो की सुरक्षित है। मृतक फैज के सव को मरचूरी रूम मे रखा गया है मर्ग कायम कर जाँच मे लिया गया है।

## दिन के उजाले में निकल रहे रेत के ट्रैक्टर

**प्रशासन पर साफ नजर आ रहा दबाव, जोरों पर चल रही रेत की तस्करी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तहसील में रेत चोरों के हौसले बुलंद है। इसका मूल कारण है कि पिछले दिनों इन रेत माफियाओं ने खनिज निरीक्षक पर हमला कर रेत का वाहन छुड़ा ले गए थे। इतनी बड़ी घटना के बाद भी प्रशासन अपनी ही खनिज निरीक्षक के साथ खड़ा नजर नहीं आया, साथ खड़ा नजर आया तो रेत चोरो एवं रेत माफिया के पक्ष में इसी तरह दूसरी घटना में जंगल की नदियों से रेत निकालने के विरोध करने पर वह कुआँ बादला सर्कल के चौकीदार पर रेत चोरों ने हमला किया। जिसकी



शिकायत थाने में हुई थी, वहीं रेत चोरी पकड़ने वनी टास्क फोर्स जिसमें, राजस्व, खनिज, पुलिस, और वन, विभाग शामिल है, वह भी रेत चोरी पकड़ने में अक्षम साबित हो रहे हैं। अब तो आलम यह हो गया है कि प्रशासन पर धौंस कायम कर रेत के वाहन दिन के उजाले में निकाल रहे हैं। रेत चोरी का आलम यह हो गया है कि एक रात में पचास ट्रक ट्रैक्टर चोरी की रेत लेकर दिन के उजाले तक निकल रहे हैं। हद तो तब हो जाती है कि रेत के ओवरलोड ट्रैक्टर रेत सड़क पर गिराते हुए बेखौफ निकल रहे है। ओवरलोड रेत के कारण दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, लेकिन शिकायत करें तो किससे क्योंकि स्थानीय प्रशासन पर रेत चोरों का दबाओ होने के बजाय उल्टा प्रशासन पर दबाव देखने मिल रहा है जो इस बात को सिद्ध करता है कि अधिकारी रेत चोरों से भयभीत है। दिन के उजाले में रेत के वाहन निकलना प्रशासन पर रेत चोरों का दबाव स्पष्ट नजर आ रहा है।

### जम्होड़ीपंडा केनाल की मशीनों से हो रही सफाई



**छिंदवाड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न जल भरण क्षमता वाले स्थलों की सफाई की जा रही है। इसी क्रम में जम्होड़ीपंडा स्थित इंटक वेल केनाल की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश के आदेश पर केनाल को अधिक क्षमतावान बनाने के लिए मशीनों की सहायता से कीचड़ को निकाल कर गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। आगामी दिवस में ग्रीष्मकाल छिंदवाड़ा में पानी की कमी न हो इस हेतु माचागोरा डेम से छिंदवाड़ा को जोड़ने वाली केनाल की सफाई भी लगातार की जा रही है।निगमायुक्त और एसडीएम ने किया निरीक्षणजल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय एवं एसडीएम सुधीर जैन के द्वारा भर्तादेव फिल्टर प्लांट के एनीकट एवं लाडली लक्ष्मी वाटिका का निरीक्षण किया गया । इस दौरान जल प्रदाय के प्रभारी विवेक चौहान, रोहित सूर्यवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे। अधिकारी द्वय ने इस दौरान केनाल सफाई एवं जल प्रदाय के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

## ब्राम्हण प्रीमियर लीग में चल रहे रोमांचक मुकाबले



**छिंदवाड़ा।** ब्रह्म समाज कल्याण मंडल छिंदवाड़ा के मागदर्शन में ब्रम्ह समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित क्रिकेट की ब्रम्ह समाज प्रीमियर लीग (BSPL) का आयोजन विवेकानंद कॉलोनी स्थित टर्फ विकेट में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन लीग मैच में तीन मैच खेले गए। जिसमें अतिथि के रूप में कदम संस्थान, किरदार संस्थान, राम नाम सेवा समिति एवं श्री राधा कृष्ण रामायण मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए। इन मैच के अंतराल में पारिवारिक मनोरंजक खेलो का लुफ्त भी दर्शकों ने उठाया । इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति देखी गई। मैच के एम्पायर शुभम खेलवाड़ी, प्रशम जैन, अर्चित दाढ़े स्कोरर संतोष कहार व सूरज चरपे एवं कॉमेंटेटर दुष्यंत दुबे, ऋषभ स्थापक एवं आयुष शुक्ला रहे। मैच परिणाम 1नटराज ने जय हिंद स्टार को 1 रन से हराया।मैच परिणाम 2गडकरी फाइटर्स ने U2 जिमखाना को 5 विकेट से हराया।मैच परिणाम 3 आदया इवेंट्स ने सिद्धिविनायक स्पोर्ट्स को 6 विकेट से हरायापहला मैच जय हिंद स्टार व नटराज के मध्य खेला गया ।

## स्पा मैनेजर और मालिक का निकाला जुलूस

**पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में किया पेश, ओशियन स्पॉ सेंटर का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

परासिया रोड पर चल रहे ओशियन स्पा सेंटर में पड़ी रेड के बाद आज पुलिस ने सेंटर मालिक रामगोपाल मैना, मैनेजर पृथ्वी राज चौहान को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ले जाते समय रास्ते में पुलिस की गाड़ी खराब हो गई और दोनों आरोपियों को पैदल ही कोर्ट में पेश किया गया। बता दें कि कल स्पा में ग्राहक बनकर पहुँची पुलिस ने रेड में दो युवतियों को सिवनी निवासी दीपक चौधरी और दिनेश भगत के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा था।



### डीएसपी प्रियंका पांडे को डीजीसीआर मेडल से सम्मानित



**छिंदवाड़ा।** पुलिस मुख्यालय, मध्य प्रदेश द्वारा जारी आदेशानुसार, छिंदवाड़ा जिले में महिला सेल में पदस्थ पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) श्रीमती प्रियंका पांडे को डीजीसीआर (**Director General's Commendation Roll**) मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें सात अंशुलझे प्रकरणों को सफलता पूर्वक सुलझाने एवं अपराधियों को न्याय दिलवाने के उनके अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है।डीएसपी प्रियंका पांडे पूर्व में जिला सिंगरौली में पदस्थ थीं, जहाँ उन्होंने महिला संबंधी अपराधों की गंभीर विवेचना करते हुए सात मामलों में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दिलवाने में निर्णायक भूमिका निभाई। उनके इस साहसी एवं न्यायप्रिय कार्य को मान्यता देते हुए पुलिस मुख्यालय ने उन्हें डीजीसीआर मेडल से विभूषित किया है।पुलिस विभाग उनकी प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट सेवा पर गर्व महसूस करता है। यह सम्मान महिला सुरक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करने में उनके अथक योगदान का प्रतीक है।

## नकुलनाथ की व्यक्तिगत मदद से सुरक्षित घर लौटेंगे पटेल

**जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में फंस गए थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी ने कड़ी निंदा करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस नापाक हरकत के खिलाफ देश के नागरिकों का खून खौल रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से पहलगाम पहुंचे पर्यटकों पर हुए हमले के वक्त छिन्दवाड़ा जिले के चौरई के बांका नागनपुर निवासी उन्नतशील किसान नवीन पटेल अपने भी अपने साथियों के साथ वहां मौजूद थे। चौरई निवासी नवीन पटेल आतंकी हमले के समय पहलगाम में उपस्थित थे और वे बहुत डरे हुए हैं यह जानकारी कमलनाथ को मिली तो उन्होंने तत्काल जम्मू कश्मीर में अपने व्यक्तिगत सम्बंधों से नवीन पटेल व उनके एक अन्य साथी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के उपरांत आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करवाई साथ ही उनसे चर्चा कर सम्बल बढ़ाया ताकि वे दहशत से बाहर निकल सकें।

नकुलनाथ के निर्देश कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण चौरई स्थित नवीन पटेल के निवास पहुंचे और परिवारजनों से माननीय नकुलनाथ जी की दूरभाष पर बात करवाई। श्री नाथ ने परिवारजनों को आश्वस्त किया कि नवीन पटेल पूरी तरह से है साथ ही सुरक्षित स्थान पर भी है इसीलिये चिंता की कोई बात नहीं है।

### नकुलनाथ का हृदय से माना आभार

नकुलनाथ के द्वारा विषम परिस्थितियों में पहुंचाई गई मदद से नवीन पटेल सुरक्षित व सकुशल जल्द घर लौटेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पप्पू यादव, गोलू पटेल, ब्रजेश टिंकू राय, प्रवीण ओकटे, शैलेन्द्र उर्फ शैलू सेंगर सहित कांग्रेस के अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवीन पटेल के निवास पहुंचकर उनके परिवारजनों से नकुलनाथ की दूरभाष पर चर्चा कराई तो परिवार के सदस्यों ने नकुलनाथ का हृदय से आभार माना।

### सितारों को कोसने से नहीं, स्वयं को मांजने से नसीब खिलता है: प्रो. अमर सिंह

**छिंदवाड़ा:** शासकीय राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा के अंग्रेजी विभाग द्वारा सोलहवीं शताब्दी के अंग्रेजी के विश्व प्रसिद्ध नाटककार विलियम शेक्सपीयर की जयंती व पुण्यतिथि को लेकर आयोजित अंग्रेजी भाषा दिवस में मुख्य अतिथि वक्ता बतौर बोलते हुए शासकीय महाविद्यालय चांद के प्राचार्य और अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रो. अमर सिंह ने शेक्सपीरियन साहित्य दर्शन से व्यक्तित्व विकास करने पर जोर देते हुए कहा कि दोष सितारों में नहीं होता है, बल्कि स्वयं में होता है। जीवन एक रंगमंच है, जिस पर सभी को अपनी भूमिकाएं अदा करनी पड़ती हैं। प्रकृति की मंशा व मानव महत्वाकांक्षा के बीच असंतुलन के अंतर्द्वंद्व को त्रासदी कहा जाता है। विलियम शेक्सपीयर के जीवन दर्शन को समझकर हम प्रकृति के गूढ़ रहस्यों को जानकर अपनी पीड़ा कुछ कम कर सकते हैं। प्रथमतः किसी भी घटित सौभाग्य या त्रासदी के लिए हम पूर्णतया योग्य होते हैं,तभी तो यह मिलती है। हमें बुरे काम के बुरे नतीजे तो भुगतने पड़ते ही हैं, कोई भी अच्छा अनुप्रयोग भी बिना दंडित हुए नहीं बचता है। संसार में मानव स्वभाव के सारे व्यापार भद्दे व घटिया हैं, फ़िर उनके दुष्परिणाम भुगतने के हकदार भी तो हमीं ही होंगे। हमेशा गलत लोग व जानलेवा परिस्थिति हमें जीवन के सही सबक सिखाती हैं। दुर्दिन की विभीषिकाएं ही हमें 'हम क्या हैं और क्या हो सकते हैं' के बीच का अंतर साफ़ साफ़ बताती हैं। दोष हमारे सितारों में नहीं होता बल्कि स्वयं हम में ही होता है। संसार तो एक रंगमंच है,और हम सब इसके नाट्य प्रस्तुति के पात्र।

**अवैध सट्टा व शराब के आरोपियों के विरुद्ध की पुलिस ने सख्त कार्यवाही**

## अवैध सट्टा और अवैध शराब के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

धरमटेकड़ी पुलिस ने अवैध सट्टा और अवैध शराब के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर सूचना पर टीम गठित कर अवैध रूप से सट्टा एवं अवैध रूप से शराब पर कार्यवाही करते हुये 01 व्यक्ति के विरूद्ध 4 क सट्टा एक्ट, एवं 02 व्यक्तियो के विरूद्ध 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी ।

### गिरफ़्तार आरोपी

(1) विजय पिता गनपत यादव उम्र 35 साल को कुसमैली रोड मे अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी से जप्त मशरूका 980 रूपये जप्त किया गया । (2) आशवती पति बिसनलाल उईके उम्र 38 साल को मेघासिवनी में अवैध रूप से कच्ची महुआ की शराब अवैध तौर पर कब्जे में रखे पाये जाने पर आरोपीया के विरूद्ध धारा 34 क आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपीया के कब्जे से 11 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ की शराब कीमती 1100 रूपये जप्त किया गया ।(3) जयदीप पिता पूरनलाल उईके उम्र 32 साल को मेघासिवनी में अवैध रूप से कच्ची महुआ की शराब अवैध तौर पर कब्जे में रखे पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 क आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ की शराब कीमती 1000 रूपये जप्त किया गया ।



### महत्वपूर्ण भूमिका

चौकी प्रभारी धरमटेकडी राजेश साहू एवं पुलिस टीम।

### पहलगाम में हुई घटना की सांसद ने दुःख जताया एवं निंदा की

**छिंदवाड़ा।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में गत दिनों आतंकियों द्वारा किए गये नरसंहार की सांसद बंटी विवेक साहू ने घोर निंदा की है, और इस घटना में मारे गये सभी पर्यटकों एवं आम नागरिकों के प्रति शोक सवेंदना व्यक्त करते हुए में ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करें। साथ ही इस घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि आतंकियों द्वारा जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर सीधे तौर पर निशाना बनाते हुए पर्यटकों पर हमला किया गया।

### उन्नत नस्ल की गायों के प्रजनन तथा अश्वगंधा की खेती पर जोर

# ईकेवायसी एवं फॉर्मर रजिस्ट्री की धीमी गति पर लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न टीएल की बैठक में कलेक्टर अजय देव शर्मा ने शासकीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियां को उचित दिशा निर्देश जारी किए। आज मुख्य रूप में ई केवायसी तथा फॉर्मर रजिस्ट्री की गति धीमी होने पर तहसीलदार, सीएमओ तथा सीईओ को 7 दिनों के भीतर लक्ष्य पूरा करने और मृतकों की जानकारी समग्र पोर्टल पर तत्काल अपडेट करने के निर्देश कलेक्टर महोदय द्वारा दिए गए। उद्यानिकी विभाग को मानसून के पूर्व आवश्यक तैयारी कर पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने मई माह के पहले सप्ताह में ही सभी विभागों द्वारा पौधों की डिमांड प्रस्तुत करने को कहा गया। जिले में दुग्धोत्पादन को बढावा देने पशुपालन विभाग को उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के प्रजनन एवं पालन हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। जिले में आयुर्वेदिक पौधों की खेती के लिए आयुष विभाग को तथा अश्वगंधा की खेती के लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभागों को जनजागरण किए जाने, परियोजनाधिकारी को आंगनवाडी केद्रों में अध्ययनरत बच्चों के लिए ड्रेस वितरण हेतु अधिकारियों को आंगनवाडी केंद्रों में नियुक्त करने कहा गया।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों से आरटीई योजनांतर्गत नियमानुसार कारवाई करने, शालाओं को लगातार आकस्मिक निरीक्षण कर गैरहाजिर शिक्षको के विरूद्ध उचित कदम उठाने तथा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के निर्देश भी जारी किए गए। सभी शा. विभागों को अधिकारियों को अपने लक्ष्य समय सीमा में पूरा करने, जल गंगा संवर्धन अभियान का जो पंचायतें लक्ष्य पूरा नहीं करेगी उनपर कारवाई करने के निर्देश मुख्यकार्यपालन अधिकारी को दिए

# स्टॉक में धांधली, राशन दुकान संचालक को सेवा से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत दिवस ग्राम सिवनी के उपभोक्ता महेंद्र भादे की शिकायत कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच उपरांत यहां की उचित राशन मूल्य की दुकान के स्टॉक में भारी अनियमितताएं पायी गई। अधिकारी के अनुसार इस दुकान के स्टॉक में गेहूं 12.14 एवं नमक 14.90 क्विंटल अधिक तथा शक्कर 14.84 एवं चावल 13 क्विंटल कम पाया गया। दुकान संचालक विलास काटवले द्वारा संतोषजनक स्पष्टीकरण ना मिलने पर एसडीएम द्वारा सेवा सहकारी सिवनी को आवंटित इस शासकीय उचित मूल्य की दुकान की जमा प्रतिभूति राशि को मर्ज करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही दुकान के विक्रेता विलास काटवले को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्य से हटा दिया गया है। जो अनाज कम पाया गया उसके एवज में राशि वसूली हेतु नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया गया है।

### जनसमर्थन के साथ मैदान में उतरी कांग्रेस ने कराए हस्ताक्षर

**छिन्दवाड़ाः-** भाजपा शासित नगर पालिक निगम के द्वारा जनता पर थोपे गए टैक्स के विरोध में कांग्रेस का महा हस्ताक्षर अभियान लगातार जारी है। कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण व कार्यकर्तागण क्रमवार नगर निगम क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर बढ़ाए गए टैक्स के विरोध में जनसमर्थन जुटा रहे हैं। शहर कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस पार्षददल के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। शहर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस पार्षददल के द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में आज नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 39 स्वामी विवेकानंद वार्ड के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचकर कांग्रेस की महिला नेत्रियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़े हुए कर के खिलाफ आमजन से हस्ताक्षर लेकर समर्थन जुटाया। विदित हो कि नगर पालिक निगम में बैठी भाजपा सरकार ने कांग्रेस पार्षददल के द्वारा लगातार विरोध करने के बावजूद जनता पर जलकर, सम्पत्ति कर व स्वच्छता कर का बढ़ा हुआ बोझ डाला है जिसकी खिलाफ कांग्रेस के द्वारा निरंतर की जा रही है।

# हिंदू जागरण मंच ने फूंका पुतला कांग्रेसियों ने जलाई मोमबत्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जम्मू काश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के द्वारा पर्यटकों की हत्या किए जाने से सारा देश आक्रोशित है । आतंकियों की इस कायराना हरकत की निंदा और विरोध देश के हर हिस्से में की जा रही है । परासिया में भी एक ओर जहां हिंदू जागरण मंच ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जलाकर घटना की घोर निंदा करते हुए विरोध जताया , तो वहीं कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकाला और मोमबत्ती जलाकर घटना में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी । परासिया हिन्दू जागरण मंच ने पाकिस्तान का पुतला फूंका पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष हिन्दुओं के जघन्य हत्याकांड से पूरा देश को आहत हुआ है । आतंकियों ने पर्यटकों नाम व धर्म पूछकर गोली चलाई , जिसके क्रोध में हिन्दू जागरण मंच के नेतृत्व मे पुतला जलाया और हिन्दुओं को एक साथ रहने की अपील की गई । मंच से जुड़े लोगों ने कहा , कि हिन्दुस्तान में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा । उन्होंने भारत सरकार से अपील की , कि इस मामले में ठोस कदम उठाया जाये । तहसील कार्यालय के सामने हुए इस पुतला दहन कार्यक्रम में हिन्दू जागरण मंच , धर्म जागरण विभाग, स्थानीय नागरिक और व्यवसायी मौजूद रहे । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर चौराहा से केंडल मार्च निकाला गया । मार्च के गुरू गोविन्द सिंह तिराहा पहुंचने पर श्रदांजलि दी गई और कहा कि , ये घटना बहुत निंदनीय है किसी के साथ ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए । इस मामले में सरकार को कड़े कदम उठाना चाहिए ।

# शहर कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर दी विनम्र श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई आतंकी वारदात में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए छिन्दवाड़ा शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कैंडल मार्च निकाला गया। शहीद स्मारक पहुंचकर समस्त कांग्रेसजन ने आतंकवाद कर शिकार हुए लोगों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर कांग्रेस ने आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हिंसा का यह राक्षसी कृत्य अंतरात्मा को झंकझोर देने वाला है। आतंकवाद क्रूरता व अमानवीयता को जन्म देता है। भारत के मुकुट कश्मीर में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने गए पर्यटकों के नरसंहार की वारदात की कांग्रेस कठोर निंदा करती है। इस क्रूरता के चलते जान गंवाने वाले वाले लोगों को कांग्रेस ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित कैंडल मार्च में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, आनंद बक्षी, धर्मेन्द्र सोनू मागो, पप्पू यादव, आशीष चौधरी बबला पटेल, तरूण कराड़े, मंजू बैस, दीपा यादव सहित कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ व अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# मैथ्स ओलंपियाड में विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल



**पांढुर्ना।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन परीक्षा 2024-25 में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ कक्षा 6 से 12 वीं के विद्यार्थियों ने मैथ्स ओलंपियाड में 27 गोल्ड मेडल अर्जित किए। इन सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र दिए गए। इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं विद्यार्थियों को एक मजबूत नींव प्रदान करती है तथा उन्हें उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करती है । राम शांति विद्या मंदिर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों को प्रतिभागी बनने हेतु सदैव प्रेरित करती है । शाला प्राचार्या चारू गुलाटी एवं मैनेजर रोहित धवले द्वारा सभी प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल एवम् प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया तथा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं पदी गई ।

# लांजी थाने की कमान टीआई बीभेन्दु टांडिया ने संभाली

### अपराध पर सख्ती और सामुदायिक पुलिसिंग होगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी थाना क्षेत्र को नया थाना प्रभारी मिल गया है। बीभेन्दु व्यंकट टांडिया ने 19 अप्रैल को लांजी थाने का विधिवत रूप से थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। वे इससे पहले बालाघाट पुलिस थाना अजाक में पदस्थ थे। मध्यप्रदेश गृह विभाग द्वारा हाल ही में किए गए थानों के थोकबंद तबादलों के तहत लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी का स्थानांतरण जिला अलीराजपुर किया गया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह ने बीभेन्दु टांडिया को लांजी थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ किया।पदभार ग्रहण करने के पश्चात मीडिया से चर्चा में टीआई टांडिया ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, तथा क्षेत्र में चल रहे अवैध गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाना होगी।उन्होंने यह भी संकेत दिए कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस और जनता के बीच सकारात्मक संवाद एवं सहयोग की नीति पर कार्य किया जाएगा। लांजीवासियों को उम्मीद है कि नए थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून का बेहतर पालन होगा और आमजन को न्याय सुलभ रूप से मिलेगा।

# पहलगाम हत्याकांड के विरोध में 25 अप्रैल को नगर बंद

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की हत्या के बाद उपजे गुस्से व आक्रोश के बीच स्थानीय विश्राम गृह में मुस्लिम समाज व सर्वसमाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए 25 अप्रैल को वारासिवनी बंद रखने का आव्हान किया गया।

विदित हो कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों को घेर कर उनका धर्म पूछ पूछ कर उनकी निर्ममता पूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी। जिसमें लगभग 27 लोगों की हत्या करने की बात सामने आई हैं।

इस घटना के बाद से संपूर्ण देश में नागरिकों के बीच आक्रोश व्याप्त हैं। देशवासी विभिन्न माध्यमों से इस घटना की तीखी आलोचना व निंदा कर रहे हैं और आतंकवादियों को सबक सिखाने की बात कह रहे हैं। इस मामले को लेकर वारासिवनी नगरवासियों में गुस्सा व आक्रोश व्याप्त हैं। जिसको प्रकट करने के लिए नागरिकों द्वारा 25 अप्रैल को नगर बंद का आव्हान किया हैं।

इस संबंध में स्थानीय विश्राम गृह में नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल, विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक ओंकार सिंह बिसेन, डॉ. नीरज अरोरा, मुस्लिम समाज अध्यक्ष इकबाल खान, समी खान, अभिषेक सुराना, कैलाश दुल्हानी, झामसिंह भगत, दीप चौहान, अनिल पिपरेवार, पूर्व पार्षद सुनील जायसवाल, धीरेन्द्र रुसिया, डॉ. नीलेश शिवहरे, राहुल अरोरा, राजा अली, अमन पटेल, सिकंदर मिश्रा, प्रकाश बाफना, संगम मोदी, गिरधारी चिमनानी, गणेश सिंह ठाकुर, महेश्वरबिसेन, मुकेश माडल, विजय पटले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में पहलगाम की घटना की सभी ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए केन्द्र सरकार से मॉग की कि इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को सबक सिखाया जाए और देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की जाये। बैठक में इस घटना के विरोध में 25 अप्रैल को वारासिवनी बंद रखने का आव्हान किया गया। जिसके लिए नगर के सभी व्यापारियों से अपील भी की गई हैं।

# कृषि विस्तार अधिकारियों ने लिया एक दिन का सामूहिक अवकाश, कार्यालयों में नहीं हुआ कोई काम

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ प्रान्तीय आव्हान पर समस्त जिले एवम् ब्लॉक में 22 अप्रैल को अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिन के अवकाश पर रहे।

दरअसल बात यह है कि कोर्ट द्वारा समस्त विभाग के लिए यह जानकारी दी गई कि पदोन्नति हेतु वरिष्ठता के आधार पर करने हेतु मध्यप्रदेश शासन को नियमावली से करने हेतु कहा गया हैं, किंतु शासन द्वारा हिला हवाली करने के कारण के मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ, सहायक संचालक कृषि संघ एवम् उपसंचालक कृषि संघ द्वारा एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

कृषि विस्तार अधिकारी की 7 सूत्रीय मांग में पदोन्नति, वेतनमान सुधार, ग्रेड पे, संविदा भर्ती बन्द हो, ऐसी 7 सूत्रीय मांगों के लिए कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश हेतु पहल की गई। जिसमें पूरे प्रदेश में कृषि विस्तार अधिकारी संघ के बैनर तले कार्यालयीन कार्य व फील्ड कार्य बंद रहे। पूरे जिले में उपसंचालक कार्यालय बंद रहे। सभी अधिकरियों ने अपना पूर्ण समर्थन देकर इस सामूहिक अवकाश को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक श्री सोने, सहायक संचालक श्री डोंगरे मैडम, जिला अध्यक्ष दिलेश कुमार खंडेलकर, सचिव श्री डोंगरे, कमलेश झरिया, चंद्रमणि रामटेके, दीपक तुरकर, सुनील बागडे एवम समस्त कृषि विस्तार अधिकारी संघ, एडीओ व एडीए संघ सभी ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश में सहयोग प्रदान किया गया। संघ के माध्यम से कहा गया कि अगर मांगे नहीं मानी गईं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर बाध्य होना पड़ेगा।

### सूख गए हैंडपंप-कुएं, बूंद-बूंद को तरस रहे लोग, चारों तरफ प्यास से हाहाकार

# ग्राम पंचायत कोसमारा में बढ़ने लगी पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज लांजी।



गर्मियों का मौसम आते ही हर इलाके में पानी की किल्लत बढ़ने लगी है। वहीं शासन की योजनाओं की भी पोल खुलने लगी है। बालाघाट से करीब 65 किलोमीटर दूर स्थित कोसमारा गांव में लोग पानी की भारी कमी से जूझ रहे हैं। गांव में हैंडपंप, कुएं और बोरवेल सूखने लगे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को पानी के लिए खेतों तक जाना पड़ रहा है। अभी तो केवल अप्रैल का महीना चल रहा है लेकिन कोसमारा गांव में पानी की भारी कमी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि आने वाले समय में यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। गांव के अधिकतर हैंडपंप और कुएं सूख चुके हैं। जहां पानी आ भी रहा है, वहां से मटमैला, लाल रंग का गंदा पानी कंकर-मिट्टी के साथ निकलता है। यह पानी पीने लायक नहीं है।

**बोरवेल पर बढ़ता जा रहा निर्भरता का दबावः** अब गांव के अधिकतर लोग उन कुछ घरों पर निर्भर हैं, जिनके पास बोरवेल की सुविधा है। लोग वहां से पानी लाकर किसी तरह अपने दैनिक कार्यों को पूरा कर रहे हैं. स्नान, कपड़े धोना, बर्तन साफ करना और खाना पकाने जैसे जरूरी कामों के लिए भी पानी की भारी कमी हो रही है. लोगों को बेहद कम पानी में गुजारा करना पड़ रहा है।

**मजाक बनकर रह गई नल जल योजनाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना की शुरुआत की थी। इसका लक्ष्य वर्ष 2024 तक हर घर तक नल से पानी पहुंचाना था। लेकिन 2025 आ गया और कोसमारा गांव में यह योजना पूरी तरह फेल साबित हुई है। गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी तो बनाई गई है लेकिन उसमें आज तक एक बूंद पानी नहीं पहुंचा. हर घर में नल कनेक्शन दिया गया है लेकिन उनमें कभी पानी नहीं आया।

**अधिकारियों से जवाब नहीं, सिर्फ मिलता है आश्वासनः** गांव के सरपंच का कहना है कि इस मामले को लेकर कई बार अधिकारियों से बात की गई है. लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती. अधिकारी कहते हैं कि योजना जल्द शुरू की जाएगी लेकिन कब, यह कोई नहीं बताता। ग्रामीणों में अब प्रशासन को लेकर गहरी नाराजगी है।

### हत्या और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं पर जांच कर रही पुलिस

# नवविवाहिता का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम भजियापार में 24 वर्षीय नव विवाहित गर्भवती महिला का शव संदेहास्पद परिस्थितियों में उसी के घर पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ बरामद किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी मुताबिक सुनील ताराम की धर्मपत्नी प्रतिमा ताराम का शव 21 अप्रैल की सुबह 11 बजे घर पर फांसी के फंदे पर लटका देखा गया. घटना के 24 घंटे बाद यानी 22 अप्रैल की दोपहर करीब डेढ़ बजे नाते-रिश्तेदारों और ग्रामीणों की मौजूदगी में शव का पीएम कर शव परिजनों (ससुराल पक्ष) को सौंप दिया गया है. पुलिस इस घटना को हत्या और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है. बता दें कि एक वर्ष पूर्व ही महिला का विवाह संपन्न हुआ था और 22 अप्रैल को शादी की पहली सालगिरह थी. इसी दिन महिला का अंतिम संस्कार हुआ. जिसके चलते इस घटना के बाद ग्रामीणों और नाते-रिश्तेदारों में भयंकर आक्रोश दिखाई दिया. मृतक महिला के मायके पक्ष के परिजनों का सीधा आरोप है कि महिला की दहेज के लिए हत्या कर दी गई है. दामाद लगातार पैसों की मांग किया करता था।

**गर्भवती थी मृतक महिला प्रतिमाः** प्राप्त जानकारी अनुसार आंजनबिहरी निवासी प्रतिमा का एक वर्ष पूर्व ही भजियापार निवासी सुनील ताराम से सामाजिक रीति रिवाज से विवाह संपन्न हुआ था. बताया जाता है कि वह गर्भवती थी. मृतक महिला के परिजनों का यह आरोप है कि सुनील प्रतिमा को दहेज के लिए प्रताड़ति किया करता था. सोमवार की सुबह जब मायके पक्ष में महिला की मौत की जानकारी मिली तो तमाम नाते-रिश्तेदार और ग्रामीण जन भजियापार पहुंचे जहां जमकर हंगामा हुआ. हालांकि दोनों ही पक्षों की मौजूदगी में मृतक महिला के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरा गया. देर शाम तक चले विवाद की वजह से सोमवार को मृतिका के शव का पीएम नहीं हो पाया।

**जिद पर अड़े रिश्तेदार और ग्रामीणः** मंगलवार को जब शव का पीएम होना था तो मृतक महिला के मायके पक्ष के परिजन महिला के पति को पहले शव विच्छेदन गृह लाने की मांग पर अड़ गए. जिस कारण पीएम में करीब 03 घंटे की देरी हुई. पुलिस मृतक महिला के पति और सास को जब पुलिस अभिरक्षा में शव विच्छेदन गृह लेकर आई तब कहीं जाकर महिला पीएम का पीएम हो पाया. शव का पीएम कर ससुराल के परिजनों को शव सौंप दिया गया. चर्चा है कि जिस वक्त महिला ने कथित तौर पर फांसी लगाई उस वक्त घटना स्थल यानी घर पर कोई नहीं था. ससुर बाहर रिश्तेदारी में गए हुए थे, पति और सास सुबह ही खेत चले गए थे. महिला घर पर अकेली थी. परिवार के सदस्य जब खेत से घर वापस आए तो देखा बहू फांसी के फंदे पर लटकी हुई है. जबकि मायके पक्ष के लोगों का यह आरोप है कि हत्या कर फांसी के फंदे पर शव को लटकाया गया है अब पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की गुत्थी सुलझ पाएगी।

### 7 सूत्रीय मॉगों को लेकर कृषि विभाग संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश कृषि विभाग संयुक्त मोर्चा द्वारा अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त कलेक्टर बालाघाट को एक ज्ञापन संयुक्त रूप से दिया गया। जिसमें उपसंचालक कृषि राजेश खोबरागड़े, सुश्री अर्चना डोंगरे परियोजना संचालक आत्मा, सुनील सोने उप परियोजना संचालक आत्मा बालाघाट, सुनील बागड़े, श्रीमती प्रतिभा टेंभरे, डी के खंडेलकर, पी के भालेराव, आर के पाटिल, ज्ञानेंद्र कुमार डोंगरे, मिलिंद देशभरतार, रेकचंद मनघटे, राखी बोरकर, पूजा पारधी, नीतू कोकोडे और विकास चौधरी, अभिलाष सूर्यवंशी, टी सी खरे, लक्ष्मी चंद खांडेकर, हीना रघुवंशी, मंगल प्रसाद बारेकार, दीपक तुरकर, वीरेंद्र मरकाम एवं अन्य कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ऐश्वर्या सूर्या ने सिविल सेवा परीक्षा यूपीएससी में पाई 843वीं रैंक

**सिवनी।** जिला चिकित्सालय सिवनी में आरएमओ के पद पर पदस्थ डॉ. पी सूर्या और श्रीमती अंजुषा सूर्या के पुत्र श्री ऐश्वर्य सूर्या एवं श्री राकेश सूर्या, श्री कौशल सूर्या, श्री अरविंद सूर्या और आईपीएस श्री वेदप्रकाश सूर्या के भतीजे ने वर्ष 2024 की सिविल सेवा परीक्षा यूपीएससी में 843 रैंक लाकर सफलता प्राप्त की।
श्री ऐश्वर्या सूर्या ने आईआईटी खड़गपुर से बीटेक इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की। इनकी इस सफलता पर सभी परिवारजन , समाज के परिजन एवं शहर के गणमान्य नागरिको द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकमनाये दी है।

### मक्का की खड़ी फसल में लगी आग



**सिवनी** जिले के बंडोल में किसान सुधीर बघेल से लिए ठेके में जमीन दीनदयाल जंघेला के लगभग 3 एकड़ में लगे मक्का की खड़ी फसल में आग लग गई, आग की चपेट मे ट्यूब बेल मशीन सहित पाईप जल कर खाक हो गएआग लगने की घटना के बाद आसपास के किसान भी एकत्रित हो गए और फसल को बुझाने का प्रयास करते रहें, स्थानीय लोगों ने दमकल वाहन को भी सूचित किया था लेकिन दमकल वाहन भी मौके घटना पर समय पर नहीं पहुंचा जब तक खेत में लगी मक्का की खड़ी फसल जल कर खाक हो गई , फसल जलने के कारण किसान का काफी नुकसान हो गया, किसान ने संबंधित विभाग व जिला कलेक्टर से अपेक्षा व्यक्ति है कि उक्त घटना की उचित जांच कराकर किसान ने उचित मुआवजा करने की मांग की है।

दुकान से गायब हुई रेट लिस्ट आबकारी विभाग मौन

# आबकारी विभाग की खुली छूट, शराब ठेकेदार द्वारा बेची जा रही अधिकतम खुदरा मूल्य से ज्यादा कीमतों पर शराब

**घंसौर।** सिवनी जिले के घंसौर विकासखंड में शराब ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक में रखकर अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बेचने का मामला सामने आया है। जानकार सूत्र बताते हैं कि न तो ठेकेदार द्वारा शराब दुकान पर किसी भी प्रकार की रेट लिस्ट चस्पा की गई है न ही दुकान पर मौजूद ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा किसी भी ग्राहक को रेट बताया जा रहा है अगर कोई ग्राहक रेट को लेकर दुकान में बहस करता है तो शराब ठेकेदार के गुंडे उसे डरा धमकाकर दुकान से भगा देते हैं परंतु शराब ठेकेदार द्वारा की जा रही इस अवैध वसूली को लेकर अब शराब के ग्राहकों में खासा रोष देखा जा रहा है। आपको बता दें कि वित्तीय वर्ष 2025 के लिए घंसौर की शराब दुकान मनीष जाट नाम के ठेकेदार को आवंटित की गई है वहीं शराब दुकान से जुड़े सूत्रों की माने तो इस वर्ष का ठेका पिछली वर्ष की अपेक्षा लगभग 20 प्रतिशत अधिक राशि में आवंटित किया गया है जिसका असर भी देखने मिल रहा है और बड़ी कीमतों का भुगतान आम लोगों को करना पड़ रहा है घंसौर क्षेत्र के शराब प्रेमियों ने बढ़ी हुई कीमतों में शराब बेचने को लेकर आबकारी विभाग के अधिकारियों से निवेदन किया है कि वे इस ओर ध्यान दें ताकि भोलीभाली जनता को लूटने से बचाया जा सके।

## एसआई अशोक बघेल की सड़क दुघर्टना में हुई मृत्यु



**सिवनी:** थाना कोतवाली सिवनी में पदस्थ एसआई अशोक बघेल की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु उप निरीक्षक अशोक बघेल की नियुक्ति 07.03.1986 को आरक्षक के पद पर पदस्थ हुए और आरक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे अशोक बघेल निवासी - ग्राम खिरसाडोह कॉलेज रोड थाना परासिया जिला छिंदवाड़ा के रहने वाले हैं मूलतः परिवार में उनकी पत्नी जूनिया बाई ,व दो बच्चे बड़ा बेटा अश्वनी बघेल ,छोटा बेटा उमेश बघेल हैं एसआई अशोक बघेल धनोरा थाना के सुनवारा चौकी प्रभारी रहें थे और इसके बाद घंसौर किंदरई थाना प्रभारी रहें हैं घंसौर से 01.09.2023 थाना कोतवाली सिवनी में पदस्थ हुए थे कल दिनांक 20.04.2025 को रात्रि ड्यूटी 22.00 बजे से 09.00 बजे में लगाई गई थी परन्तु सूचना प्राप्त हुई कि उक्त उप निरीक्षक अपने क्वार्टर् जाते समय गलत साइट से आ रहा चार पहिया वाहन उनसे टकरा गया , जो दाहिने पैर एवं सिर में चोट आयी थी जिन्हे तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल सिवनी से उपचार हेतु आई.सी. यू में भर्ती कराया गया व परिजनों को सूचना दी गई थी जिन्हे अग्रिम उपचार हेतु नागपुर रेफर किया गया था जो नागपुर में उनकी मृत्यु हो गई। एसआई अशोक बघेल का पार्थिव शरीर नागपुर से उनके ग्रह ग्राम खिरसाडोह लेकर आया गया है और सोमवार की शाम को उनका अंतिम संस्कार किया।

### मुक्कों से करेगी वार, दिल्ली में अनुप्रिया तैयार



**सिवनी** । सिवनी की अनुप्रिया शालेय राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए रवाना, मध्यप्रदेश का करेंगी प्रतिनिधित्व द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी सिवनी की होनहार खिलाड़ी अनुप्रिया कौरव, जिन्होंने जबलपुर में आयोजित 68वीं राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से बालिका सीनियर अंडर-19 वर्ग में गोल्ड मेडल तकर राष्ट्रीय चयन प्राप्त किया था, अब राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने सिवनी से रवाना हो चुकी हैं। यह प्रतियोगिता 30 अप्रैल से 5 मई तक दिल्ली में आयोजित होगी, जिसमें अनुप्रिया मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता से पूर्व वह 23 से 27 अप्रैल तक ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगी। अनुप्रिया को यह सफलता उनके समर्पण, निरंतर अभ्यास और उनके प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से मिली है। उन्होंने कहा, मैं अब अपना लक्ष्य मध्य प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक तने का तय कर चुकी हूँ। वह किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सिवनी में सहायक संचालक पवन कौरव की सुपुत्री हैं।

## राष्ट्रीय साले राष्ट्रीय सेल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गुनगुन विश्वकर्मा का चयन



एमएलबी गर्ल्स स्कूल की छात्रा का चयन राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु किया गया है प्रतियोगिता दिल्ली में दिनांक 30 4 2025 से 5 5 5 25 तक आयोजित की जाएगी छात्र का कोचिंग कैंप 23 तारीख से ग्वालियर में आयोजित है इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी से कमरे संस्था प्रचार आराधना राजपूत जिला कीड़ा अधिकारी जैसी थॉमस पीटीआई भावना गायकवाड प्रदीप वर्मा देवेंद्र ठाकुर अनिल राजपूत सोहन सेनराव धगटकक्षा शिक्षिका देशमुख मैडम एवं समस्त शाला परिवार ने इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामना दी है छात्र महावीर व्यायाम शाला में अभ्यास करती है व्यायाम शाला के अध्यक्ष प्रसन्न मालू एवं संचालक पाल सर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी

## मानसिक विक्षित व्यक्ति ने पेड़ में लगाई फांसी

### बटवानी ग्राम का मामला,घंसौर पुलिस जांच में जुटी

**सिवनी** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बटवानी ग्राम के पास खेत मे लगे बबूल के पेड़ पर एक मानसिक व्यक्ति का शव सुबह लगभग 11 बजे फांसी के फंदे पर लटकते मिला है। जिसके बाद पुलिस जांच कर रही है। जानकारी अनुसार कुछ लोग बटवानी ग्राम से जंगल की तरफ जा रहे थे। जब वह एक किसान के खेत के समीप पहुंचे तो एक व्यक्ति पेड़ पर फांसी के फंदे में लटका दिखा। इस बात की जानकारी लोगो ने घंसौर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मृतक की शिनाख्त रेवाराम सल्लाम पिता कुंदन सल्लाम उम्र 50 निवासी बटवानी के नाम से हुई है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया का कहना है कि सूचना मिली थी कि बटवानी ग्राम के समीप खेत मे एक व्यक्ति का शव पेड़ पर लटका हुआ है। मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा बनाया गया। परिजनों ने बताया कि व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षित था। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि व्यक्ति ने आत्महत्या का कदम क्यों उठाया।

### धनौली गांव में दहशत, लोगों से सतर्क रहने की अपील सो रही महिला पर तेंदुए ने किया हमला

कुरई थाना के धनौली गांव में सोमवार की रात एक मकान में तेंदुआ घुस गया। तेंदुए ने सो रही एक महिला पर हमला कर दिया। हालांकि महिला सुरक्षित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनौली ग्राम निवासी फुलवंता पति सूर्यकुमार शेंद्रे (26) घर पर सो रही थी साथ
घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट हो गए। जानकारी वन विभाग और पुलिस को दी गई। सूचना पर वन अमला पहुंचा। आसपास तेंदुए को तलाशा गया लेकिन तेंदुआ नजर नहीं आया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। दूसरे दिन भी वन अमले ने पुलिस की मौजूदगी में लोगों को सतर्क रहने की अपील की। ज्ञात हो कि गर्मी बढ़ते ही पानी की समस्या के कारण वन्यजीव गांव की ओर चले आते हैं।
जिले में हिंसक वन्यप्राणियों के हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं। वन्यप्राणी भोजन-पानी की तलाश में गांव की ओर आ जाते हैं ऐसे में उनका सामना इंसानों से हो जाता है। हालांकि वन विभाग का कहना है कि समय-समय पर गांव में मुनादी कराई जाती है लोगों को समझाइश देकर भी सतर्क किया जाता है।
परिवार के अन्य लोग भी थे। तभी रात में जंगल की ओर से आए तेंदुए ने महिला पर हमला कर दिया। घबराकर सभी लोग उठ गए और शोर मचाने पर तेंदुआ भाग गया। तेंदुए ने महिला के पैर में पंजा मार दिया।

## विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**सिवनी।** डीके फिजिकल एकेडमी, सिवनी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र गुड्डू ठाकुर एस के नेमा, मुनिया टांक , मनोज तिवारी एवं रजक एवं अकैडमी के कोच दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष अकैडमी से 18 छात्रों का चयन आर्मी अग्निवीर में तथा 22 छात्रों का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में हुआ है। यह अकैडमी की उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रणाली और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। मुख्य अतिथि नरेंद्र ठाकुर ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेने की सलाह दी। चयनित छात्र विक्रम पटेल ,प्रदुम चौहान , जितेंद्र रजक , विशाल कोशले , आशीष टेकाम , समीर लोधी , दीपु जँघला , रविशंकर जंघला , प्रदीप जंघला , अभिषेक जंघला , सागर बघेल , तनय टेमेरे ,अमित बघेल ,अँकु बोपवे , अनुराग यादव , शिवम् चौधरी मध्यप्रदेश पुलिस चयनित छात्र मंजु साहू , वैष्णवी कुशवाह ,दीपाली उइके , बुलबुल यादव , पूनम सरैयम , अंजली , नंदनी दीक्षित , रश्मि जाँघला , श्रेया बघेल रजना बघेल , प्रतिमा ,मुस्कान डेहरिया , सानु , हर्षा , धीरज पटले , ओमकुमार , राकेश चोरे अजय सोनी , आकाश , धनेश्वर , हेमराज चन्द्रवंशी , सचिन जवारे ।

### राजनैतिक दलों से बूथ लेवल अभिकर्ता नियुक्त कर सूचना देने की अपील

**सिवनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी.एल. चनाप ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देश के परिपालन में जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव को पुनः बूथ लेवल अभिकर्ता की नियुक्त्ति कर अवगत कराने के लिये कहा गया है। पूर्व में सभी दलों को मतदान केन्द्रों की सूची प्रदान कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एजेंट की यथा शीघ्र नियुक्ति के संबंध में सूचित किया गया था लेकिन अब तक किसी भी दल द्वारा उनकी नियुक्ति कर सूची प्रदान नहीं की गई है। इस संबंध में राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से अविलंब जिले स्तर के लिये बी.एल.ए.-1 चारो विधानसभा के समस्त 1407 मतदान केन्द्रों के लिये मतदान केन्द्रवार बी.एल.ए.-2 की नियुक्ति कर प्राधिकार पत्र की प्रति वांछित जानकारी के साथ शीघ्र उपलब्ध कराने का निवेदन किया गया है।

### समय से पूर्व सुनिश्चित करें आदि उत्सव की तैयारियाँ-कलेक्टर

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बिछिया में आदि उत्सव की तैयारियों के संबंध में बिछिया अनुविभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि रामनगर में आयोजित होने वाले आदि उत्सव की सभी तैयारियाँ समय से पूर्व सुनिश्चित करें। गर्मी को देखते हुए पेयजल तथा शीतल पेय आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखें। बैठक के दौरान उन्होंने सहायक आयुक्त ट्राईबल एवं सीईओ जनपद पंचायत बिछिया से कार्यक्रम की तैयारियों के विषय में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि 4 एवं 5 मई के लिए कार्यक्रमों की सूची तैयार करें। 4 मई को ओपनिंग ईवेंट के बाद हेल्थकैम्प एवं एमिल्को के कैम्प का आयोजन करें।



**संविदा स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ**

22 अप्रैल 2025 को संविदा स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ की है। इस हड़ताल में जिले के 738 कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें एएनएम, सीएचओ, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन और अन्य कैडर के अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त शिक्षक भूपेंद्र चौधरी को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**सिवनी।** नेशनल सिविल सर्विस डे के अवसर पर आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में विगत दिवस आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिवनी के माध्यमिक शिक्षक श्री भूपेंद्र चौधरी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हस्ते मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित हुए। उन्हें आधुनिक तकनीक से विद्यार्थियों की प्रवेश संख्या बढोत्तरी के नवाचार के लिए राज्य स्तरीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है तथा पुरूस्कार स्वरूप 01 लाख रूपये का चैक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। मंगलवार 22 अप्रैल को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने शिक्षक श्री भूपेंद्र चौधरी को पुष्पगुच्छ, सॉल-श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कलेक्टर सुश्री जैन ने शिक्षक भूपेंद्र चौधरी द्वारा किये गए नवाचार पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनके द्वारा बच्चों के लिए कक्षावार बनाए गए वीडियो का अवलोकन कर यूट्यूब के माध्यम से छात्र-छात्राओं के अध्यापन कार्य के बारे में जाना। उन्होंने छोटे बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की कार्य योजना तथा स्मार्ट क्लास, एफएलएन की कार्य योजना की चर्चा की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस एस कुमरे, जिला परियोजना समन्वय महेश बघेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# नरवाई जलाने को लेकर छपारा के तीन किसानों को नोटिस

**सिवनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री रवि सिहाग ने फसल कटाई उपरांत नरवाई जलाने को लेकर तीन किसानों को नोटिस जारी कर 28 अप्रैल को उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं कि क्यों न उन पर नरवाई न जलाने के दिशा निर्देशों के उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाए।

जिसमें तहसील छपारा के ग्राम तिंसा के कृषक श्री चैतराम रजक द्वारा भूमि खसरा नंबर 111/4 रकबा 0.80 पर नरवाई जलाने को लेकर नोटिस जारी किया गया है। जवाब समाधान कारक न होने पर 5 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा। इसी तरह ग्राम करेली के कृषक श्री रामलखन भंगी की भूमि खसरा नंबर 84, 85 के कुल रकबे में से 0.4 हेक्टेयर भूमि पर नरवाई जलाने पर 2500 रूपये अर्थदण्ड का नोटिस जारी किया गया है।

इसी तरह ग्राम बिछुआ के कृषक श्री आदित्य सिंह की भूमि खसरा नंबर 371/2 कुल रकबा 2.10 हेक्टेयर भूमि पर नरवाई जलाने पर 15 हजार रूपये के अर्थदण्ड आरोपित करने का नोटिस जारी किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में नरवाई जलाना बदस्तूर जारी है जिस पर तत्काल रोक लगावे-भाकपा

सिवनी वर्तमान समय में भीषण गर्मी का प्रकोप है तथा गर्मी धीरे-धीरे लगातार बढ़ते ही जा रही है इसी तरह पीने के पानी के लिए हाहाकार मची हुई है ऐसे कठिन दौर में पूरे सिवनी जिले के गेहूं की कटाई पूरी हो चुकी है जिसकी साफ सफाई के लिए नरवाई को जलाना और खेतों को साफ करना अति आवश्यक हो जाता है जिससे अगली फसल को बोने के लिए तैयार किया जा सके इस स्थिति में नरवाई को जलाना किसानों के लिए सर्वोत्तम उपाय होता है इसीलिए किसानों द्वारा खेतों को जलाकर साफ सुथरा करना सरल साधन है परंतु इस भीषण गर्मी में खेतों में नरवाई जलाने से दूसरी फसलों में खेत खलियान में इकट्ठा कर रखी गई फसलों को जलने मकान को आग लगे मवेशियों का आज में जलने तथा जलने से जान माल का खतरा बढ़ जाता है।

इसीलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक सहित राजेंद्र जैसवाल डॉक्टर बीसी यूके ओमप्रकाश बोर्ड तीरथ प्रसाद गजभिए राहुल कुमार यीशु प्रकाश पवन कुमार सनोदिया पीआर इनवाती मंजू ककोड़िया आदि ने जिला प्रशासन को सलाह दी है कि एक स्पेशल उड़न दस्ता जांच दल बनाया जावे जो शाम के समय गांव के खेतों में जाकर निरीक्षण करें जिससे उन्हें खेतों में नरवाई जलाते हुए मौके पर पकड़ा जा सके जिससे नरवाई जलाने में त्वरित कार्यवाही कर अग्निकांड होने से बचाया जा सके।

## पृथ्वी दिवस पर रेवती महाविद्यालय में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

22 अप्रैल 2025 पृथ्वी दिवस के अवसर पर रेवती महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कनिका खरे की अगुवाई में छात्रों एवं समस्त स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. कनिका खरे द्वारा पौधारोपण कर की गई, जिसके पश्चात महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए। इस अवसर पर डॉ. खरे ने छात्रों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया।




वृक्षारोपण के दौरान छात्रों में उत्साह देखने को मिला और सभी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। महाविद्यालय परिसर में कुल 50 से अधिक पौधे लगाए गए, जिनकी देखरेख हेतु एक विशेष समिति भी गठित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलने की प्रेरणा देना था।

## खबर संक्षेप

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके आज बालाघाट प्रवास पर

**बालाघाट।** मप्र शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके गुरुवार को बालाघाट जिले के प्रवास पर रहेंगी। मंत्री श्रीमती उइके के दौरे कार्यक्रम अनुसार वे बुधवार शाम 6 बजे मंडला से सड़क मार्ग द्वारा नैनपुर, लामता, समनापुर होते हुए बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगी। रात्रि करीब 8:30 बजे मंत्री श्रीमती उइके बालाघाट पहुँचेगी। अगले ही दिन गुरुवार को सुबह 10:30 बजे पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात एवं दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेड सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक निर्धारित करेंगी। इसके पश्चात 1:30 बजे सर्किट हाउस में विश्राम करने के पश्चात मंत्री श्रीमती उइके।दोपहर 2 बजे शहर के शीतल पैलेस में जर्नलिस्ट सम्मान समारोह में शामिल होगी। वहीं शाम 5 बजे बालाघाट से समनापुर, लामता व नैनपुर होते हुए मंडला के लिए प्रस्थान करेंगी।

### खाद्य विभाग की बालाघाट एवं लालबर्रा में कार्यवाही

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सक्रियता के साथ खाद्य सामग्रियों की जाँच कर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रहीं है। बुधवार को खाद्य अमले द्वारा बालाघाट एवं लालबर्रा के स्ट्रीट फूड वेंडर पर कार्रवाई करते हुए काली पुतली चौक स्थित पीयूष जूस सेंटर एवं सांवरिया कुल्फी आइसक्रीम की जांच की गई। यहाँ से आइसक्रीम लस्सी एवं बादाम शेक का नमूना जांच के लिए लेकर प्रयोगशाला भेजा गया। इसके साथ ही दोनों वेंडर्स को दुकानों में सफाई व स्वच्छता बरतने के लिए नोटिस जारी किया गया। समस्त कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के अधिकारी वाजिद मोहिब योगेश कुमार डोंगरे नईम खान आदि उपस्थित रहें।

अब तक 2 गायों का किया शिकार

# दीनी में पालतू पशुओं पर बाघ का हमला

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बाघ का आतंक बढ़ते जा रहे है। पिछले एक माह में वारासिवनी अनुविभाग के ग्राम दीनी में एक बाघ द्वारा दो गाय पर हमला कर उनका शिकार कर लिया गया हैं। जिससे ग्रामीणों में स्वयं व अपने पशुओं की सुरक्षा के प्रति भय व्याप्त हैं।

जिला पंचायत सदस्य डॉ. गीता हनवत ने बताया कि पिछले एक माह में वन्य प्राणी बाघ ने ग्राम पंचायत दीनी में 2 गायों का शिकार कर लिया हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हैं। कल सोमवार को भी ग्राम दीनी निवासीय मानसिंह भगत की गाय पर बाघ ने हमला कर उसे घायल कर दिया। गाय जंगल में चरने के लिए गई हुई थी। तभी उस पर बाघ द्वारा हमला कर दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर वह स्वयं ग्राम दीनी पहुँची। जहाँ पर उन्होंने पशु मालिक मानसिंह भगत व ग्रामीणों से मुलाकात की और वन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर उनसे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने की बात कहीं और पशु मालिकों को उचित मुआवजा दिलवाने के लिए कहा। इस दौरान ग्रामीणजन महेंद्र भगत, अमृत भगत, राम दयाल डोहरे, नारायण लिल्हारे आदि उपस्थित रहे।



### शादी बना प्रेरणा का मंचः हेलमेट और पौधे के तोहफे से दिया जीवन और प्रकृति बचाने का संदेश

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** किरनापुर में श्री शिवाय लाइब्रेरी ग्रुप की अनोखी पहल, दिपांशु वराड़े और टीम ने बढ़ाया सामाजिक चेतना का मानजहां विवाह समारोह आमतौर पर भव्यता, सजावट और कीमती उपहारों के लिए जाने जाते हैं, वहीं किरनापुर में आयोजित श्री शिवाय लाइब्रेरी के ऑनर आदरणीय बड़े भैया सुधीर बावनथड़े जी के विवाह समारोह में एक ऐसा तोहफा दिया गया जिसने समाज को नई दिशा दी।युवा समाजसेवी दिपांशु वराड़े एवं उनकी टीम द्वारा भेंट किया गया जीवनरक्षक हेलमेट और पर्यावरण रक्षक पौधा केवल एक तोहफा नहीं, बल्कि एक सशक्त सामाजिक संदेश था—"जीवन की सुरक्षा और प्रकृति की रक्षा"। इस अवसर पर दिपांशु वराड़े ने कहा, ₹सच्चा उपहार वही है जो किसी की जिंदगी बचाए। एक हेलमेट, जो किसी के जीवन की डोर थाम सकता है, उसे उपहार स्वरूप देना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।



## यूपीएससी में चयनित नगर की आईएएस बेटी फरखन्दा को नपाध्यक्ष ने दीं शुभकामनाएँ

### परिवारजनों को दी बधाई, कहा- युवाओं को मिलेगी प्रेरणा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** यूपीएससी संघ लोक सेवा आयोग 2024 की परीक्षा में सम्मिलित होकर 2025 में जारी हुये परिणाम में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। बालाघाट नगर की बेटी फरखन्दा कुरैशी के आईएएस बनने पर जहां उन्हें बधाई देने वाले निवास स्थान पर पहुंचे इसी बीच नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने भी अधिवक्ता गुड्डू मलिक के निवास पर पहुंचकर उनकी बेटी तथा पूरे परिवार को इस ऐतिहासिक सफलता के लिये पौधा भेंट कर बधाई प्रेषित की।

नपाध्यक्ष ने बताया कि बालाघाट शहर के लिये यह गौरव का क्षण है कि हमारे शहर की बिटियां फरखन्दा ने आईएएस बनने का गौरव हासिल किया है इससे पूरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जिस प्रकार उनके परिवार ने समर्पण दिखाया और संस्कार डालने के साथ ही अध्ययन के प्रति प्रेरित किया उसका परिणाम इस सफलता में परिलक्षित हो रहा है। ऐसी बिटियां ना सिर्फ समाज बल्कि पूरे जिले के लिये प्रेरणादायी है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाये कम है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा बिटियां फरखन्दा का नागरिक सम्मान कार्यक्रम भव्यतम स्वरूप में आयोजित किया जायेगा। क्योंकि आज इस बेटी के प्रयास ने ना सिर्फ बेटी पढ़ाने के महत्व को समझाया है बल्कि समाज में बेटियों की शिक्षा और उनके योगदान को भी प्रस्तुत किया। सरकार द्वारा बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की सच्ची सफलता इसी अर्थो में सामने है कि एक विलक्षण प्रतिभा की धनी इस बेटी ने ना सिर्फ परिवार बल्कि बालाघाट नगर और जिले का मान-सम्मान बढ़ाया है।

नपाध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने कहा कि फरखन्दा की इस सफलता से नगर एवं जिले के उन युवाओं को प्रेरणा मिलेगी जो यूपीएससी तथा राज्य प्रशासनिक सेवा की तैयारियों में लगे रहते है जिन्हें सफलता नहीं मिलती है और वे निराश हो जाते है, जरूरी है कि लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित किया जाये तो सफलता जरूर मिलती है इसलिए फरखन्दा कुरैशी की कामयाबी उन सभी युवाओं के लिये प्रेरणादायी है।

## बालाघाट जिला आयुष विभाग द्वारा लेमन ग्रास की खेती को बढ़ावा देने जिला व खण्ड स्तर पर प्रशिक्षण आज से

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश राज्य शासन आयुष विभाग की "देवारण्य" योजनान्तर्गत बालाघाट जिले में औषधीय पौधों की खेती में एक जिला एक औषधी उत्पाद हेतु लेमनग्रास की खेती को बढ़ावा देने जिला व खण्ड स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हैं। इसके तहत मुख्यालय जिला आयुष कार्यालय बालाघाट में 24 अप्रेल को विषय विशेषज्ञों द्वारा मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण उपरांत खण्ड स्तर पर बालाघाट, बड़गांव, मुरझड़ व बैहर में कृषक प्रशिक्षण क्रमशः 25, 26, 29 अप्रेल व 3 मई को सम्पन्न होंगे। व्यवसायिक महत्व की औषधीय लेमनग्रास की खेती को बढ़ावा देने किस प्रकार खेती की तकनीक फसल संग्रहण, भण्डारण, प्राथमिक प्रसंस्करण, विक्रय(विपणन) आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाना हैं।



खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण 25 अप्रेल शुक्रवार विकासखंड बालाघाट-लालबर्रा (कुल 15-15 कृषक) बस स्टेण्ड के पास जिला आयुष कार्यालय सभाग्रह में 126 अप्रेल शनिवार विकासखंड वारासिवनी, कटंगी, खैरलांजी के लिए (कुल 60=20+20+20 कृषक) राजा भोज कृषि महाविद्यालय कृषक प्रशिक्षण संस्थान, मुरझड़ फार्म वारासिवनी में तथा 3 मई शनिवार को विकासखंड बैहर, बिरसा, परसवाड़ा के लिए 30 कृषकों हेतु शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय बैहर सिविल लाईन, बस स्टेण्ड के समीप आयोजित होने जा रहे हैं।

# कांग्रेस ने श्रीनगर के पहलगाम में आतंकी घटना को बताया सरकार की असफलता

### हमले में मारे गए लोगों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि, विधायक अनुभा ने कहा सरकार उठाए आतंकियों के खिलाफ कड़े कदम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** श्रीनगर के पहलगाम में पर्यटको पर किए गए आतंकी हमले की घटना के खिलाफ आक्रोश और मृतकों को लेकर गम दिखाई दे रहा है। बुधवार को देरशाम, कांग्रेस ने नगर के हनुमान चौक में गांधी प्रतिमा के समक्ष, कैंडल जलाकर, आतंकी हमले में मारे गए पर्यटको को श्रद्वाजंली दी।

इस श्रद्वाजंलि कार्यक्रम में मौजूद विधायक अनुभा मुंजारे ने, पहलगाम की आतंकी घटना को सरकार की असफलता बताते हुए कहा कि, पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला निंदनीय है, पूरा कांग्रेस परिवार, मृतकों के परिवार के साथ है और मृतात्माओं की शांति और परिवार को हुए इस गहन दुःख से लड़ने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है। विधायक श्रीमती मुंजारे ने, कहा कि एक ओर भाजपा विकास के नाम पर देश को झुठला रही है, खुद की वाहवाही कर पीठ थपाथपा रही है। उन्होंने, मोदी सरकार से सवाल करते हुए कहा कि आखिर कब तक देश में बेगुनाहो की जान ऐसे जाती रहेगी?

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि निश्चित तौर पर आतंकी घटना हम सबके लिए दुखदाई है आतंकियों का कोई धर्म इमान नहीं होता कांग्रेस परिवार सरकार के साथ इन आतंकियों



पर होने वाले करवाई पर साथ है किंतु मोदी जी आप अपनी कथनी और करनी पर रहे कश्मीर घाटी पर अमन और शांति का पैगाम अपने पूरे देश में फैलाया किंतु आपके नाक के नीचे आतंकियों ने इतना बड़ा जघन्य अपराध घटित किया निश्चित तौर पर यह आपकी सरकार की वीफलता है आपका खुफिया तंत्र फेल हो गया आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के सम्मुख ईश्वर से मृत आत्मा की शांति और उनके परिवार को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इनकी रही उपस्थिति बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुजारे जी, शफकत खान, श्याम पंजवानी,कारो लिलेहारे,सुलभा नगपुरे,राजेश ठाकुर ,पन्ना शर्मा ,केवल सिंह झरिया,अफरोज खान,शिवम शर्मा ,कपिल बर्वे ,निखिल गौतम ,मधु चौकसे ,जुबेदा अंसारी ,सुमन केवलानी,शमीम सिद्दीकी ,साबिर खान,राम सिंह भाटिया ,नितिन शिवहरे ,कुलदीप निकोसे,शशांक भावे ,पप्पू जायसवाल ,राजीव हर्ष सहीत अन्य कांग्रेसी उपस्थित हुए।

भीम आर्मी एकता मिशन ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

## सरेखा बायपास मार्ग में पेट्रोल पंप खोलने की अनुमति दिये जाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगर के संविधान चौक सरेखा बायपास मार्ग पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक नया पेट्रोल पंप खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। लेकिन जिस जगह पर पेट्रोल पंप का निर्माण शुरू होना है। उस परिसर में पहले से ही 04 से 05 पटाखा दुकानों का संचालन हो रहा है। जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है और भारी जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसी आशंका जताते हुए मंगलवार को भीम आर्मी एकता मिशन के बैनर तले कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा गया है। जहां जनसुनवाई के दौरान सौंपे गए इस ज्ञापन में उक्त स्थल पर पेट्रोल पंप खोलने की दी गई अनुमति को तत्काल रद्द किए जाने की मांग की गई है। बालाघाट कलेक्टर के नाम सौंपे गए इस ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान भीम आर्मी एकता मिशन नगर अध्यक्ष संतोष गेडाम ने बताया कि सरेखा बाईपास में एक नया पेट्रोल पंप खोला जा रहा है। लेकिन वहां पहले से ही 04 से 05 पटाखे की दुकान स्थित है। बावजूद इसके भी जिला प्रशासन, एसडीएम और नपा प्रशासन ने वहां नया पेट्रोल पंप खोलने की अनुमति प्रदान कर दी है। लेकिन वहां पेट्रोल पंप खोलने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिससे भारी जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है। वही रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होने से उक्त स्थान से लोगों का आना-जाना बढ़ जाएगा। आसपास पटाखे की दुकान, बॉस का गोदाम व घनी बस्ती है ऐसे में पेट्रोल पंप या फटाका दुकान में कोई हादसा होने पर पेट्रोल पंप और पटाखा दुकान दोनों इसकी चपेट में आ जाएंगे। जिससे कभी भी कोई दुर्घटना होने पर लोगों को भारी जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है। हमारी मांग है कि प्रशासनिक अधिकारियों ने पेट्रोल पंप खोलने के लिए जो अनुमति जारी की है उस अनुमति को तत्काल रद्द किया जाए। वहीं उक्त आवेदक को किसी अन्य स्थान पर पेट्रोल पंप खोलने की अनुमति दी जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई आशंका ना रहे।

ढाबो, होटलों मे बैठालकर पिलवाई जा रही शराब, नहीं हो रही कार्रवाई

## लालबर्रा क्षेत्र मे गैर कानूनी तरीके से बिक रही शराब का जिम्मेदार कौन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जिला प्रशासन से आम जनता का सवाल.?. आखिर बालाघाट सिवनी मार्ग पर संचालित ढाबो, होटलो और लालबर्रा क्षेत्र के गांव गांव में किसके संरक्षण में खुलेआम परोसी जा रही शराब.. यह सवाल उन जागरूक जनों का है जो समाज को एक नई राह और नई दिशा की ओर ले जाना चाहते है लेकिन अफसोस की बात की गांव गांव देसी विदेशी शराब की बिक्री को लेकर ना तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही जनप्रतिनिधि जिससे समाज गर्त की ओर जा रहा है आज की युवा पीढ़ी नशे के आगोश में समाते चली जा रही है लेकिन दुर्भाग्य कि जिम्मेदार गांव गांव बिक रहीअवैध शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने कोई भी प्रयास नहीं कर रहे हैं.. जिससे गैर कानूनी तरीके से शराब की बिक्री करने वालों के हौसले बुलंद है और बेरोक-टोक शराब की बिक्री कर रहे हैं।

### अवैध शराब की बिक्री को लेकर गंभीर नहीं है जिम्मेदार

एक तरफ अवैध शराब की बिक्री को लेकर महिलाएं एकजुट हो रही है और नशा मुक्ति अभियान चला रही है वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे है और ढाबो होटलों पर कोई भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई नहीं कर रहे हैं. क्या जिम्मेदारों द्वारा लाइसेंस दे दिया गया है..? बालाघाट सिवनी मार्ग पर स्थित ढाबो मे देर रात तक बैठालकर शराब पिलवाई जा रही है आखिर पुलिस और आबकारी विभाग अवैध शराब की बिक्री करने वाले काले कारोबारी पर क्यों मेहरबान है.. ऐसे कई सवाल जिम्मेदारों की निष्क्रियता क्रो दर्शाते है।




### शराब की लत से कई घर बर्बाद

गांव गांव बिक रही देसी विदेशी और कच्ची शराब से गांव का माहौल गंदा हो रहा है शराब को लेकर घरों में झगड़ा होना आम बात हो गई है दुर्घटनाएं हो रही है कई घर बर्बादी की कगार पर है आखिर गांव गांव मे बिक रही शराब को लेकर सरपंच गंभीर क्यों नहीं है.? जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि सामाजिक बुराई को गांव में होने ना दे शराबियों के चलते गांव का माहौल गंदा हो रहा है अपराध हो रहे हैं युवा वर्ग शराब का शौकीन होते जा रहा है औऱ बर्बादी की कगार पर है। शराब की काले कारोबारी पर कानूनी शिकंजा कसना होगा जिससे शासन को ही फायदा होगा जिम्मेदारों को चाहिए कि वह अभी शराब की बिक्री पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध लगाए। लालबर्रा में हो रहीअवैध शराब की बिक्री के संबंध में बालाघाट पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह को भी अवगत करा दिया गया बावजूद कार्रवाई शून्य ही नजर आ रही है देखना होगा की समाचार प्रकाशन के बाद पुलिस अधीक्षक अवैध शराब की बिक्री को लेकर क्या बड़ी कार्रवाई करते हैं।

### घर में लगी आग, बेटी की शादी के जेवर-कपड़े सहित पूरी गृहस्थी जली

**बालाघाट।** बालाघाट के सुरभी नगर वार्ड 24 में बिजली कंपनी में कार्यरत राजकुमार बिसेन के घर में बुधवार रात आग लग गई। घटना के समय पूरा परिवार भतीजे की शादी में लालबर्रा के पलाकामथी गया हुआ था। आग से घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। इसमें बेटी की शादी के लिए जमा किए गए जेवर, कपड़े और नकद रुपए भी शामिल हैं। परिवार को करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।एक महिला ने घर से धुआं निकलते देखा, तब जाकर आग का पता चला। उसने आसपास के लोगों को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो पूरे कमरे में आग फैल चुकी थी। पड़ोसियों ने मिलकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था।

### पोषण पखवाड़ा के आखिरी दिन ग्राम माटे आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में मनाया गया

**किरनापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग किरनापुर के पोषण पखवाड़े की कैलेंडर गतिविधि अनुसार आज दिनां 22अप्रैल 2025 को परियोजना किरनापुर अधिकारी अमृता कुजूर मैडम जी के मार्गदर्शन में एवं सुपरवाइजर श्रीमती सुलोचना रावते सेक्टर माटे ग्राम माटे आंगनबाड़ी केंद्र माटे दो में आज पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें थीम अनुसार बच्चों का जन्मदिन मनाया एवं मोटापे से दूर का स्वस्थ जीवन शैली अपनाने उनके माताओं गर्भवती, धात्री बच्चों की उपस्थिति में एस ए एम, एम ए एम बच्चों की स्वस्थ जांच कर पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

80 नवयुगलों ने थामा एक दूजे का हाथ, दांपत्य जीवन में किया प्रवेश

## लालबर्रा में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

शासकीय महाविद्यालय परिसर लालबर्रा में 23 अप्रैल दिन बुधवार को जनपद पंचायत के तत्वावधान में क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य ने मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन हुआ।जिसमें 80 जोड़ों ने एक दूजे का हाथ थामकर अपने नवजीवन की शुरूआत की है। आयोजित सामूहिक कन्या विवाह में 46 अन्य पिछड़ा वर्ग,27 अनुसूचित जनजाति तथा 07 अनुसूचित जाति के विवाह जोड़े शामिल रहे, जहां इन तीनों वर्ग की सामाजिक रीति रिवाज अनुसार विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया।आदिवासी समाज के 27 नव यूगलो का विवाह क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे की उपस्थिति में पंडा ने आदिवासी रीति रिवाज से कराई।अन्य पिछड़ा वर्ग के जोड़ों की शादी पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरों के साथ कराई। बौद्ध समाज के 07 जोड़ों का विवाह बौद्ध रीति रिवाज के साथ हुआ। इस तरह कुल 80 नव युगल जोड़े विवाह के पवित्र बंधन से बांधा गया।नव दंपतियों के स्वजनों व उपस्थित नागरिकों ने सभी जोड़ों के दांपत्य जीवन की नई शुरुआत के लिए आशीर्वाद प्रदान किया साथ ही बालाघाट विधायक एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के हस्ते 49 हजार रुपये का डेमो चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक अनुभा मुंजारे सही क्षेत्र के अनेकों जनप्रतिनिधि सरपंच उपस्थित रहे,जनपद की ओर से आयोजन समिति के रूप में सीईओ जनपद पंचायत लालबर्रा चंदरसिंह मंडलोई सामाजिक न्याय विभाग से आकाश बोकड़े,एपीओ मनरेगा रूपेश इवने,खण्ड पंचायत अधिकारी खिलेंद्र सोनवंशी के साथ समस्त जनपद स्टाफ,विभिन्न ग्राम सचिव,रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने 80 नव युगल जोड़ों को दांपत्य जीवन में प्रवेश करने पर बधाई दी है।





## सुविधाओं में कटौती से नाराज : संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

प्रदेश संगठन के आहवान पर सरकारी अस्पताल कटंगी में पदस्थ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बुधवार को चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद भलावी को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है. दरअसल, प्रदेश भर में करीब 20 वर्षो से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत लगभग 32 हजार कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रहे है. वैश्विक महामारी कोरोना काल में भी अपने परिवार और जीवन की परवाह किए बगैर इन कर्मचारियों ने सेवाएं दी हैं. इसी सेवा-भाव को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 04 जुलाई 2023 को भोपाल में महापंचायत बुलाकर संविदा कर्मचारियों के लिए कई घोषणाएं की. जिसके परिपालन मे सामान्य प्रशासन विभाग ने 23 जुलाई 2023 को संविदा कर्मचारियों के लिए एक नीति बनाई और कई सौगात दी. अब संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का यह आरोप है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल संविदा कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं में कटौती कर रहा है।

संविदा कर्मचारियों के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में विभाग में रिक्त पदों पर संविलियन कर नियमित किए जाने, पूर्व से दी जा रही सुविधाओं में ईएल और मेडिकल को पृथक ना कर यथावत रखे जाने. अनुबंध प्रथा को पूरी तरह से समाप्त करने, अप्रेजल जैसी कुरीति को समाप्त करने, सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष रखे जाने, एन.पी.एस., ग्रेच्युटी, स्वास्थ्य बीमा और डी.ए. की सुविधा प्रदान करने, शासन द्वारा समकक्षता (वेतन विसंगति) का निर्धारण गलत तरीके से किया गया है. जिसमें पुनः विचार कर संशोधन किए जाने और निष्कासित सपोर्ट स्टाफ और मलेरिया एमपीडब्ल्यू की एनएचएम में वापसी की मांग सरकार से रखी गई है।